केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.
******

दिनांक: 12.07.2019

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2019/143
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2019/00125
CICOM/R/2019/00292

अपीलकर्ता : श्री ओम प्रकाश,
पुत्र - श्री बलबन्त सिंह,
पत्ती माना गांव मदौर,
जिला - कैथल, हरियाणा - 136117.

निर्णय की तारीख: 12.07.2019

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 22.03.2019 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 10.04.2019 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री आर. सीताराम मूर्ति |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 29.06.2019 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 210/09.07.2019 (14385/05.07.2019) |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 22.03.2019 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से द्वितीय अपील सं. CIC/CANBK/A/2018/162114 से संबंधित सूचनाएं मांगी गई थी । अपीलकर्ता ने प्रथम अपील आवेदन में उल्लेख किया है कि उन्हें अभी तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है, कृपया सूचना उपलब्ध करवाई जाए ।

2. संदर्भ संचिका (आर.टी.आई. आवेदन, प्रदान की गई सूचना एवं प्रथम अपील आवेदन) का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के दिनांक 22.03.2019 के उक्त आर.टी.आई. आवेदन से संबंधित सूचना श्री आर. सीताराम मूर्ति, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 10.04.2019 को ही पत्र सं. CICOM-R-2019-00292-SC-049 के माध्यम से प्रेषित की जा चुकी है । ऐसा प्रतीत होता है कि किसी कारणवश अपीलकर्ता को प्रेषित की गई सूचना प्राप्त नहीं हो सकी है, इसलिए इस आदेश के साथ श्री आर. सीताराम मूर्ति द्वारा प्रदान की गई सूचना की प्रति पुन: संलग्न है । श्री आर. सीताराम मूर्ति, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना बिल्कुल तथ्यानुसार है तथा इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्ताक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 में की जा सकती है ।

संलग्नक- यथोपरि ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष - 011-26162290

प्रतिलिपि :
1. केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री आर. सीताराम मूर्ति, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
12 JUL 2019
D. No.
Initials